श्री जनक सिंह, माननीय स०वि०स० से प्राप्त शून्यकाल सूचना सं० 18/2/219 का उत्तर प्रतिवेदनः-

प्रश्न	उत्तर
क्या जल संसाधन विभाग मंत्री बतलाने की कृपा करेंगे– सारण जिलान्तर्गत अंचल इसुआपुर के ग्राम डोईला, हंकारपुर, लौवा, सढवारा, चहपुरा, आतानगर, नगराज, सतासी, गोहा, गंगोई, पारसा, अमरदह, छपिया, शामकौडिका, कैरवा, सिसवा एवं अन्य चॅवरों से जल निकासी नही होने के कारण सैकड़ों वर्षो से कृषि कार्य बाधित है, सरकार उक्त चॅवरों से जल निकासी हेतु आवश्यक कार्रवाई करावें।	वस्तुस्थिति यह है कि सारण जिलान्तर्गत अंचल इसुआपुर के ग्राम डोईला, हंकारपुर, लौवा, सढवारा, चहपुरा, आतानगर, नगराज, सतासी, गोहा, गंगोई, पारसा, अमरदह, छपिया, शामकौडिका, कैरवा, सिसवा में कतिपय चॅवर अवस्थित है, जिसका जल निकासी चॅवर से निसृत नालों से होते हुए नदियों के माध्यम से अंततः गंगा एवं घाघरा नदी में होता है। वर्तमान में चौर क्षेत्र के निम्न तल को छोड़कर शेष क्षेत्रों में खेती की जा रही है। सारण जिलान्तर्गत बाढ़ एवं जल निकासी के समेकित उद्देश्य से योजना तैयार की गई है जिसमें प्रश्नागत अंचल में अवस्थित चौरों से जल निकासी का कार्य सम्मिलत है। गंगा बाढ नियंत्रण आयोग द्वारा इस योजना को अनुशंसोपरान्त इसके तकनीकी मूल्यांकण हेतु जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार में समर्पित किया गया है। भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त योजना के कार्यान्वयन की कार्रवाई की जा सकेगी। इसके अतिरिक्त वर्तमान में प्रश्नांकित जिला में नदियों/धारों/नालों के गाद सफाई के लिए सर्वेक्षणोपरान्त पंचायतवार चयनित योजनाओं को भी मनरेगा (जी राम जी) के वार्षिक कार्यक्रम में शामिल करने हेतु संबंधित जिला कार्यक्रम समन्वयक को उपलब्ध कराया गया है।

PTO

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25/वि0स0शून्य0(सि0)–13–24/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त शून्यकाल सूचना संख्या–18/2/219 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0शून्य0(सि0)–13–24/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0शून्य0(सि0)–13–24/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0शून्य0(सि0)–13–24/2026– 1959 पटना, दिनांक–04/05/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

30.04.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
30/4/26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo